सं. आरआई ई/मी./68
दि. 15.03.2018

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 11-12-2017 को अपराह्न 4:15 बजे आयोजित 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' कि बैठक का कार्यवृत्त । यह बैठक 'सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग' के 'सेमिनार कक्ष' में हुई जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य, प्रो. प्रकाश चंद्र अग्रवाल ने की । इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए --

1. प्रो. प्रकाश चंद्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. प्रो. प्रीतीशचंद्र आचार्य, अध्यक्ष, सा.वि.मा. शिक्षा विभाग
3. प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य
4. सुश्री शम्पा दास, गैर आवासी वार्डन, रामानुजन छात्रावास
5. डॉ. पुष्पलता नेगी , पुस्तकालयाध्यक्ष
6. श्री अखिलेश्वर मिश्र , प्रधानाध्यापक , प्रायोगिक बहु उद्देशीय विद्यालय
7. डॉ. सौरभ कपूर, वार्डन, होमी भाभा छात्रावास
8. मो. गुलाम रहबर, स्नातकोत्तर इतिहास अध्यापक
9. श्रीमती पद्मजा प्रधान, स्नातकोत्तर हिंदी अध्यापिका
10. श्री पंकज कुमार मिश्र, प्रशिक्षित स्नातक हिंदी अध्यापक
11. श्रीमती किरन जुनेजा, प्रशासनिक अधिकारी
12. श्री जितेन्द्र सिंह क्षेत्री, लेखा अधिकारी
13. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना)
14. श्री प्रदीप कुमार बेहेरा, भंडार अधिकारी
15. श्रीमती रूपा घोष, प्रवर श्रेणी लिपिक

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया । पिछली बैठकों के इस प्रस्ताव पर कि कर्मचारियों के प्रशिक्षण संबंधी रोस्टर को तैयार किया जाए, श्री प्रदीप कुमार राय ने अवगत कराया कि इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है और शीघ्र ही इसे पूरा किया जाएगा । परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ को भेजी जाने वाली तिमाही प्रगति रिपोर्ट में हिंदी पत्राचार के विवरण को सही ढंग से देने की आवश्यकता है । इस संदर्भ में उन्होंने सुझाव दिया कि संस्थान के प्रत्येक विभाग में एक ऐसा रजिस्टर हो जिसमें हिंदी में प्राप्त पत्रों और उन पत्रों के भेजे गए उत्तरों का ब्योरा हो ।

(कृ.प.उ.)

Scanned by CamScanner

प्रो. अनूप कुमार ने सदस्यों को अवगत कराया कि परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ से प्राप्त पत्र के संदर्भ में इस संस्थान में आयोजित पिछली तिमाही बैठक का कार्यवृत्त भेज दिया गया है और संस्थान की वेबसाइट पर उसे अपलोड भी कर दिया गया है ।

श्रीमती किरन जुनेजा ने कहा कि संस्थान और विद्यालय द्वारा निकाले जाने वाले सारे विज्ञापन द्विभाषी हों । जिन समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित हों, वे संक्षिप्त किंतु द्विभाषी हों । सदस्यों ने कहा कि हिंदी अनुवादक के अभाव में द्विभाषी सूचनाएँ, कार्यालय आदेश आदि तत्काल नहीं निकल पा रहे हैं । इसके पूर्व परिषद् के हिंदी प्रकोष्ठ को संस्थान में हिंदी अनुवादक के पद का सृजन करने के लिए पत्र लिखा गया था । एक बार फिर से इसे आशय का पत्र भेजा जाए ।

प्रो. प्रकाश चंद्र अग्रवाल, प्राचार्य ने कहा कि डिस्पले यूनिट में 'आज का विचार' और 'कार्यालयी शब्द' या कर्मचारियों के जन्म दिन को प्रदर्शित किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि मार्गदर्शक त्रिभाषी चिह्न बनाए जाएँ जिन्हें मार्ग में लगाया जाए । उन्होंने कहा कि राजभाषा संबंधी प्रावधानों को पूरा करने का प्रयास किया जाए । हिंदी के साथ-साथ ओड़िया, बांगला आदि सभी भाषाओं का सम्मान किया जाए ।

बैठक के अंत में श्री पंकज कुमार मिश्र ने सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

(हस्ताक्षर) 15/3/18
प्राचार्य

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर

ज्ञापन सं.

1. राजभाषा कार्यान्वयन समितिके सदस्यों को
2. परिषद के हिंदी प्रकोष्ठ के प्रभारी को
3. प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक को
4. कार्यालय प्रति ।

Scanned by CamScanner